कार्यालयः जिला एवं सेशन न्यायाधीश, राजसमन्द (राज.)

क्रमांकः 317

दिनांक : 05 दिसम्बर, 2023

कार्यालय आदेश

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर की अधिसूचना क्रमांक 08/ई.वी./2022 दिनांक 12.12.2022 द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में सोमवार दिनांक 25 दिसम्बर, 2023 से रविवार दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है जिसके क्रम में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से प्राप्त आदेश क्रमांक 13/विविध/2023 दिनांक 02.12.2023 के अनुसार उक्त शीतकालीन अवकाश की अवधि में राजसमन्द सेशन खण्ड में स्थित सभी अधीनस्थ न्यायालय बंद रहेंगे। अतः शीतकालीन अवकाश की अवधि में जमानत एवं निरोध अवधि की अवधि अभिवृद्धि (रिमाण्ड) संबंधित एवं आवश्यक न्यायिक तथा सिविल मामलों को निपटाने हेतु निम्नांकित न्यायिक अधिकारियों को अधिकृत किया जाता है :–

क्र.सं.	शीतकालीन अवकाश अवधि हेतु अधिकृत अधिकारी का नाम	अवधि (दिनांक)
1.	श्री सरफराज नवाज सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, कुंभलगढ	26.12.2023 से 28.12.2023
2.	श्री विजय टांक सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, आमेट	29.12.2023 से 30.12.2023

उक्त शीतकालीन अवकाश की अवधि में आने वाले राजपत्रित व सार्वजनिक अवकाशों में उक्त अधिकृत न्यायालय भी बंद रहेंगे। उपरोक्त अधिकृत न्यायिक अधिकारियों की बैठक का स्थान राजसमन्द मुख्यालय पर **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजसमन्द** का न्यायालय रहेगा। अतः सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजसमन्द के कर्मचारीगण (आवश्यकतानुसार रीडर, स्टेनों, लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अधिकतम चार) दिनांक 25.12.2023 से 31.12.2023 तक शीतकालीन अवकाशों का उपभोग नहीं करेंगे। शीतकालीन अवकाश की अवधि में कार्य करने वाले कर्मचारियों को अगले कलेण्डर वर्ष में नियमानुसार क्षतिपूर्ति आकस्मिक अवकाश देय होंगे।

–Sd–
जिला एवं सेशन न्यायाधीश
राजसमन्द

क्रमांक स्था0/2023/5683

दिनांकः– 05 दिसम्बर, 2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैं :–

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर
2. न्यायाधीश, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, राजसमन्द/पारिवारिक न्यायालय, राजसमंद
3. विशिष्ट न्यायाधीश, विशेष न्यायालय (पोक्सो अधिनियम), राजसमंद
4. जिला पुलिस अधीक्षक, राजसमन्द
5. विशिष्ट न्यायाधीश, विशेष न्यायालय एस.सी./एस.टी.(अ.नि.), राजसमंद
6. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, नाथद्वारा/राजसमन्द
7. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमन्द
8. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजसमन्द
9. अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भीम/देवगढ/नाथद्वारा/राजसमंद/रेलमगरा
10. प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, राजसमन्द
11. न्यायिक मजिस्ट्रेट, आमेट/कुम्भलगढ/नाथद्वारा/रेलमगरा/राजसमन्द
12. अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, नाथद्वारा
13. वि. न्या. मजि. (एन.आई. एक्ट प्रकरण), राजसमंद/नाथद्वारा
14. न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, रेलमगरा
15. श्री सरफराज नवाज, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, कुंभलगढ
16. श्री विजय टांक, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, आमेट
17. सहा. निदेशक, अभियोजन कार्यालय, राजसमन्द/सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, राजसमंद
18. अध्यक्ष, समस्त बार एसोसिएशन, राजसमन्द न्यायक्षेत्र
19. प्रभारी अधिकारी (लेखा शाखा)/प्रभारी अधिकारी (प्रतिलिपि शाखा), न्यायालय हाजा
20. वरिष्ठ रीडर/सेशन लिपिक/दीवानी लिपिक, न्यायालय हाजा
21. सिस्टम ऑफिसर, न्यायालय हाजा को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
22. कार्यालय प्रति

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
राजसमन्द